उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 21 फाल्गुन, शक संवत्, 1929
( दिनांक : 11 मार्च, 2008 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. निधन के निदेश।

3. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2007 के तृतीय सत्र में, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

6. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

8. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 (संशोधन) विधेयक, 2008 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

9. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 (संशोधन) विधेयक, 2008 को पुरःस्थापित करेंगे।

10. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 (संशोधन) विधेयक, 2008 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

11. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 (संशोधन) विधेयक, 2008 को पुरःस्थापित करेंगे।

12. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"ख"**)

13. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

14. वित्तीय वर्ष 2008-09 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

15. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

16. मण्डल मुख्यालय पौड़ी में पर्यटन विकास हेतु श्रीनगर से पूर्व 'गंगा दर्शन मोड़' से 'पौड़ी क्यूंकालेश्वर मन्दिर' तक रोपवे निर्माण के सम्बन्ध में श्री यशपाल बेनाम, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 07 मार्च, 2008 को दी गई सूचना पर, पर्यटन मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

17. जनपद उत्तरकाशी के ग्राम नीलंग एवं जादुंग तहसील भटवाड़ी में पैतृक एवं कृषि भूमि जो कि आई0टी0बी0पी0 व सेना के कब्जे में है, के प्रतिकर भुगतान के सम्बन्ध में श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 07 मार्च, 2008 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, राजस्व मंत्री का केवल वक्तव्य।

18. उत्तराखण्ड के राजकीय तकनीकी संस्थानों में नये आधुनिक पाठ्यक्रम आरम्भ किये जाने के संबंध में श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 07 मार्च, 2008 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 11 मार्च, 2008**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 21 फाल्गुन, शक संवत्, 1929

( दिनांक : 11 मार्च, 2008 )

# नत्थी "क"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>07–02–2008 | *1. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या परिवार कल्याण व स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में नियुक्त फार्मासिस्ट औषधीय निर्देशन करने के लिए अधिकृत नहीं हैं? यदि हाँ, तो इनकी तैनाती मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण उपकेन्द्रों में करने का क्या औचित्य है? यदि नहीं, तो मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के किन–किन उपकेन्द्रों मे फार्मासिस्टों की नियुक्ति अभी तक नहीं की गई है और कब तक इन उपकेन्द्रों में फार्मासिस्टों की तैनाती कर दी जायेगी? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा<br>08–02–2008 | *2. **आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त** | |
| श्री गणेश जोशी<br>14–02–2008 | *3. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिछले दिनों घटित गुर्दा काण्ड को दृष्टिगत रखते हुए उत्तराखण्ड में चल रहे नर्सिंग होम व अस्पतालों पर विशेष निगरानी रखने के लिए सरकार द्वारा कोई उपाय किए गए हैं? यदि हाँ तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री यशपाल आर्य<br>26–02–2008 | *4. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल की मृतप्रायः झीलों के पुनर्जीवीकरण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां तो वे कौन–2 सी झीलें हैं तथा कार्ययोजना का स्वरूप क्या है? और कब तक कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | पंचम सोम के तारा0 5 में स्था0 |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>05–02–2008 | 1. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में स्व0 रायफलमैन विपिन शाह नं0 4088726 के शहीद होने पर भटवाड़ी–वन्द्राणी–रैथल मोटर मार्ग तथा रा0इ0का0 भटवाड़ी का नाम स्व0 विपिन शाह के नाम से रखे जाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय सोम के स्थगित अता0 प्र0–01 में स्था0 |

## अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>07–02–2008 | **1.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत तड़ागताल के सौन्दर्यीकरण जल भण्डारण व पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए जिलाधिकारी अल्मोड़ा द्वारा सिंचाई विभाग, भू–गर्भ, पर्यटन, वन एवं भूमि अध्यापित विभाग के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त टीम गठित कर सर्वेक्षण किया जा रहा है? यदि हाँ, तो अद्यतन स्थिति क्या है एवं कब तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा? | पर्यटन |
| श्री मयूख महर<br>07–02–2008 | **2.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 मूनाकोट ग्राम बलतड़ी में नव निर्मित ए0एन0एम0 सेन्टर का भवन तैयार होने के उपरान्त भी किराये के भवन में चल रहा है? यदि हाँ, तो क्यों तथा भवन कब तक विभाग को हस्तांतरित कर दिया जायेगा? | स्वास्थ्य |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>07–02–2008 | **3.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि रा0 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खटीमा जनपद उधमसिंह नगर हेतु रा0 कृषि फार्म खटीमा जिला उधमसिंह नगर में भूमि स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित कर दी गयी है? यदि हाँ तो स्वीकृत/उच्चीकृत 100 (सौ) शय्या का स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कब से प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री गणेश जोशी<br>07–02–2008 | **4.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि देहरादून स्थित प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी दून अस्पताल में 1 वर्ष से भी अधिक समय पूर्व अधिप्राप्त वैन्टिलेटर का अभी तक उपयोग नहीं किया गया है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त वैन्टिलेटर का उपयोग प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती अमृता रावत<br>08–02–2008 | **5.** क्या तीर्थाटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के खटलगढ़ महादेव मंदिर, आर्यसमाज मन्दिर रसिया महादेव मन्दिर तथा गड़री स्थित प्राचीन शिव मन्दिर के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में मंत्री महोदय द्वारा पत्रांक 1107 दिनांक 31.05.07, 2237 दिनांक 16.07.07, 3030 दिनांक 03.09.07 एवं पत्रांक 4459 दिनांक 23.11.07 द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया है? यदि हाँ, तो उक्त मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु अब तक की गयी कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक उक्त मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु आवश्यक धनराशि स्वीकृत कर दी जायेगी? | तीर्थाटन |
| श्रीमती अमृता रावत<br>08–02–2008 | **6.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास की ऐसी कौन–कौन सी स्वीकृत योजनाए हैं जिनके निर्माण हेतु अभी तक वित्तीय स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है? पूर्व सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत/निर्माणाधीन योजनाओं को कब तक पूर्ण करा दिया जायेगा? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>08–02–2008 | **7.** क्या विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र जसपुर ब्लाक काशीपुर जिला उधमसिंह नगर में हेमपुर डिपो में नेपा फार्म की खाली पड़ी भूमि पर सरकार नौलिज पार्क बनाने की योजना विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>11–02–2008 | **8.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में हर्षिल इनर लाईन खुलवाने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार द्वारा भारत सरकार को प्रेषित किया गया है? यदि हाँ, तो उक्त प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा क्या निर्णय प्राप्त हुआ है? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय सोम के अता0 65 में स्था0** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>13–02–2008 | **9.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में फार्मेसिस्टों की नियुक्ति विषयक प्रश्नकर्ता का महानिदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को सम्बोधित पत्र दि. 21.09.07, विभाग में प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उक्त पत्र में उल्लिखित बिन्दुवार क्या–क्या कार्यवाही की गई? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>14–02–2008 | **10.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम सभा स्तर पर चिकित्सा केन्द्रों की स्थापना हेतु सरकार की कोई नीति है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गणेश जोशी<br>14–02–2008 | **11.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य की राजधानी बनने के बाद देहरादून में रेस्तरां व होटलों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुयी है? यदि हाँ, तो इनमें उपलब्ध कराए जाने वाले खाद्य पदार्थों के नियमित/आकस्मिक निरीक्षण की कोई व्यवस्था की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>14–02–2008 | **12.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत केदारनाथ विधान सभा में ईको टूरिज्म के अन्तर्गत देवरियाताल (सारी) पर्यटन विकास में अब तक कितना धन स्वीकृत हुआ है तथा कार्य प्रगति का विवरण क्या है? क्या ताल के सौन्दर्यीकरण में रेलिंग तथा मार्ग का निर्माण किया गया है तथा निर्माण हेतु और अधिक धन की मांग शासन में विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>15–02–2008 | **13.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत पर्यटन व तीर्थाटन को दृष्टिगत रखते हुए कितने रज्जु मार्गों का निर्माण किया जाना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कहाँ–कहाँ? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री तिलक राज बेहड़<br>15–02–2008 | **14.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रूद्रपुर नगरपालिका क्षेत्र में निर्माणाधीन झील प्रोजेक्ट की लागत क्या है? क्या यह सत्य है कि इस प्रोजेक्ट का कार्य रोक दिया गया है? यदि हाँ, तो कार्य कब तक प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री तिलक राज बेहड़<br>21–02–2008 | **15.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की फूड एण्ड ड्रग लैब क्रियाशील हो गयी है? यदि हाँ, तो कहाँ और कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |

# नत्थी "ख"

कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 10 मार्च, 2008 की बैठक में दिनांक 11 मार्च, 2008 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–

मार्च, 2008

| | | |
|---|---|---|
| 11 | मंगलवार | वित्तीय वर्ष 2008–2009 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा। |